# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, फुलियाकंला जिला भीलवाड़ा (राज.)

प्रकरण संख्या – 21/2020 पीठासीन अधिकारी – अमित कुमार वर्मा (आर.ए.एस.)

अनवान

1 अमित सिंह पिता महावीर सिंह महाजन उम्र वयस्क निवासी पुरानी अरवड तहसील फुलियाकलां हाल मुकाम बिजयनगर तहसील बिजयनगर जिला अजमेर राज.

2 अर्जना पुत्री महावीर सिंह महाजन उम्र वयस्क निवासी पुरानी अरवड तहसील फुलियाकलां हाल मुकाम बिजयनगर तहसील बिजयनगर जिला अजमेर राज.

3 चैना पुत्री महावीर सिंह महाजन उम्र वयस्क निवासी पुरानी अरवड तहसील फुलियाकलां हाल मुकाम बिजयनगर तहसील बिजयनगर जिला अजमेर राज.

4 विजयसिंह पिता महावीर सिंह महाजन उम्र वयस्क निवासी पुरानी अरवड तहसील फुलियाकलां हाल मुकाम बिजयनगर तहसील बिजयनगर जिला अजमेर राज.

5 शिमला पत्नि स्व. महावीर सिंह महाजन उम्र वयस्क निवासी पुरानी अरवड तहसील फुलियाकलां हाल मुकाम बिजयनगर तहसील बिजयनगर जिला अजमेर राज.

बनाम ————————( प्रार्थीगण)

1 भागचन्द पिता प्रेमचन्द नाबेडा महाजन उम्र वयस्क निवासी पुरानी अरवड तहसील फुलियाकलां जिला भीलवाडा राज.

2 भैरू पिता हरदेव बैरवा उम्र वयस्क निवासी पुरानी अरवड तहसील फुलियाकलां जिला भीलवाडा राज.

3 छीतर पिता भज्जा बैरवा उम्र वयस्क निवासी पुरानी अरवड तहसील फुलियाकलां जिला भीलवाडा राज.

4 हीरा पिता रामा बैरवा उम्र वयस्क निवासी पुरानी अरवड तहसील फुलियाकलां जिला भीलवाडा राज.

5 गोपाल पिता रामा बैरवा उम्र वयस्क निवासी पुरानी अरवड तहसील फुलियाकलां जिला भीलवाडा राज.

——————( अप्रार्थीगण)

उपस्थित–

प्रार्थी अधिवक्ता– श्री सुनिल कुमार शर्मा

**प्रार्थनापत्र अन्तर्गत धारा 111, 128, रा.भू.राजस्व अधिनियम 1956 बाबत कराने पत्थरगढ़ी आराजीयात**

## निर्णय

दिनांक – 10.03.2021

प्रार्थीगण की ओर से एक प्रार्थना पत्र अर्न्तगत धारा 111, 128 रा0भू0राजस्व अधिनियम 1956 इस न्यायालय मे दिनांक 25.02.2020 का प्रस्तुत कर निवेदन किया कि वाके **ग्राम अरवड पटवार मण्डल अरवड भू.अ.नि. अरवड तहसील फुलियाकंला** मे उसके खाते की कृषि भूमि खतौनी संख्या 377 के **आ.न. 970, 971, 972, 973, 974, 975, 989 किता 7 रकबा 2.88 हैक्टयर भूमि** स्थित हैं। उक्त वादग्रस्त भूमि के विपक्षीगण पड़ौसी हैं। प्रार्थीगण एवं विपक्षीगण के मध्य आराजीयात के सीमा चिह्न नही होने से आये दिन सीमा संबंधी विवाद उत्पन्न होता रहता हैं। जिससे कि प्रार्थीगण अपने खाते की कृषि भूमि की पत्थरगढ़ी कराना चाहता हैं। प्रार्थनापत्र स्वीकार किया जाकर पत्थरगढ़ी का आदेश प्रदान कराया जावे।

प्रस्तुत प्रार्थनापत्र इस न्यायालय मे दिनांक 26.02.2020 को दर्ज रजिस्टर किया जाकर विपक्षीगणों को वजह जाहिर करने हेतु नोटिस जारी किये गये। विपक्षीगणों को जारी नोटिस बाद तामील रिकार्ड पर उपलब्ध है। किन्तु सूचित होने के उपरान्त भी विपक्षीगण नियत [illegible] दिनांक [illegible] पर वास्ते अपना पक्ष रखने, हाजिर नही होने से उनके विरूद्ध एकतरफा कार्यवाही के आदेश पारित किये गये। प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर अधिवक्ता प्रार्थीगण को सुना गया। प्रस्तुत बहस प्रार्थनापत्र पर गौर किया गया। [illegible] व पत्रावली पर उपलब्ध राजस्व अभिलेखों का ध्यानपूर्वक अवलोकन किया गया। प्रकरण के अवलोकन से यह तथ्य प्रमाणित हैं कि वादग्रस्त भूमि प्रार्थीगण के खाते की कृषि भूमि हैं और इस प्रकार न्यायिक दृष्टि से [illegible] खातेदार अपने खाते की कृषि भूमि की पत्थरगढ़ी कराने का हकदार हैं। अतः प्रार्थनापत्र प्रार्थीगण न्याय हित में स्वीकार योग्य प्रतीत होता है।

Signature Not Verified
Digitally signed by Amit Kumar Verma
Date: 2021.03.19 12:11:09 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
फुलियाकलां (भीलवाड़ा) राज.

Scanned with CamScanner

## आदेश

प्रार्थीगण का प्रार्थनापत्र विरूद्ध विपक्षीगण स्वीकार किया जाकर वाके **ग्राम अरवड पटवार मण्डल अरवड भू.अ.नि. अरवड तहसील फुलियाकंला** मे उसके खाते की कृषि भूमि खतौनी संख्या 377 के **आ.न. 970, 971, 972, 973, 974, 975, 989 किता 7 रकबा 2.88 हैक्टयर** भूमि की पत्थरगढ़ी बसामलात पक्षकारान की जाने का आदेश पारित किया जाता है। उक्त आदेश की पालना के लिए भू–अभिलेख निरीक्षक अरवड को नियमानुसार फीस पर कमिश्नर नियुक्त किया जाता है। कमिश्नर फीस प्रार्थी द्वारा अदा की जायेगी। भू–अभिलेख निरीक्षक पत्थरगढ़ी से न्यूनतम तीन दिन पूर्व सभी पड़ौसियान को उपरोक्त आराजियात की पत्थरगढ़ी हेतु लिखित सूचना पत्र से समय एवं तिथि बाबत् सूचित करेंगे। मौके पर विवाद होने, किसी अन्य न्यायालय से आराजीयात पर स्थगन होने की दशा में तथा मौके पर खड़ी फसल होने की स्थिति में पत्थरगढ़ी नहीं की जावें। पक्षकारान उभयपक्ष की मौजूदगी में ही पत्थरगढी की जावें। मुस्तकीन बिन्दू को आधार मानकर पत्थरगढ़ी किए जाने का आदेश प्रदान किया जाता है। आदेश की प्रति पालनार्थ तहसीलदार फुलियाकंला को भिजवाई जावे। खर्चा फरीकेन अपना अपना वहन करें। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो।

यह आदेश आज दिनांक 10.03.2021 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(अमित कुमार वर्मा)
उपखण्ड अधिकारी,
फुलियाकंला, जिला भीलवाड़ा

उपखण्ड अधिकारी
फूलियाकलां (भीलवाड़ा) राज

Signature Not Verified

Digitally signed by Amit Kumar Verma
Date: 2021.03.19 12:11:09 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with CamScanner